टुकरा उत्पन्न करने वाले मीलि बग का एकीकृत पीड़क प्रबंधन

स्थिति

मुख्य पीडक; प्रचलित नाम 'हार्ड टु किल पीड़क है जिसे सामान्य रूप से 'गुलाबी मीलि बग' कहते है।

प्रकट होने का समय

वर्ष भर होता है पर गर्मी के महीनों में अधिक होता है।

हानि एवं लक्षण

टुकरा लक्षण

- रोगग्रस्त अग्र टहनियों के पत्ते सिकुडे और मोटे होते है । पहले ये गहरे हरे होते हैं फिर पीले पड़ जाते हैं ।
- अधिक रोगग्रस्त पौधों के छोटे पोर होते है जिसके परिणामस्वरूप ऊपरी भाग गुच्छेदार होकर टुकरा बन जाता है ।
- मीलि बग के स्त्राव के कारण रोगग्रस्त पौधो की पत्तियों और तने पर भारी काली परत जम जाती है ।
- पत्ती उत्पादन 4500 कि ग्रा/हे/वर्ष तक कम हो जाता है ।

जीवन चक्र

अंडजनन क्षमता : 350 – 500 अंडे

प्रस्फुटन : 6-9 दिन

शिशुकीट अवधि : 23-27 दिन
मादा के 3 और नर के 4 शिशुकीट निरूप होते हैं ।

वयस्क आयु : नर – 3-4 दिन
मादा – 10-12 दिन

प्रबंधन

यांत्रिक विधि

कैंची अथवा हंसिया से रोगग्रस्त भाग को काट कर पॉलिथीन बैग में डाले और जला दें ।

आगे के संक्रमण को रोकने के लिए जब रेशमकीट IV निर्मोक में हो तो ऊपरी भाग को काट दें और सभी अग्र हिस्सों को जला दें ।

रोगग्रस्त भागों को काटना और जलाना

रासायनिक विधि

छंटाई के 15 दिनों बाद 2.63 मि ली/ लीटर की दर से 0.2% डी डी वी पी (76% ई सी) छिड़के।

सुरक्षा अवधि: 15-17 दिन.

जैविक विधि

परभक्षी लेडी बर्ड भृंग क्रिप्टोलीमस मोन्ट्रोजियरी अथवा स्किमनस कोक्सीवोरा को 250 या 500 प्रौढ़/वर्ष की दर से छः माह के अंतराल में दो विभक्त मात्रा में मुक्त करें।

(स्किमनस कोक्सीवोरा के 250 वयस्क भृंगों की लागत – रु. 250/-)

संस्तुत परभक्षी लेडी बर्ड भृंग

क्रिप्टोलीमस मोन्ट्रोजियरी

स्किमनस कोक्सीवोरा

आपूर्ति हेतु तैयार भृंग

जैव नियंत्रण कारक निम्न पते पर उपलब्ध है

- केंरेअप्रसं, मैसूर, दूरभाष 0821-2903285
- एनबीएआईआर, बेंगलूरु, दूरभाष 080-23511982
- परपोषी प्रजननप्रयोगशाला, कृषि विभाग, मंड्या दूरभाष 08232-238602
- एसआरके जैव नियंत्रण केंद्र, होसूर, तमिलनाडु, दूरभाष 09994622647

विषय:
विनोद कुमार एवं जे बी नरेन्द्र कुमार

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

निदेशक
केन्द्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
(आई एस ओ 9001:2008 प्रमाणित)
(केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
श्रीरामपुरा, मैसूरु-570 008
दूरभाष: 0821-2362757, 2362406
फैक्स: 0821-2362845 वेब:www.csrtimys.res.in
ई-मेल:csrtimys.csb@nic.in

टुकरा उत्पन्न करने वाले मिली बग का एकीकृत पीड़क प्रबंधन

केन्द्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
(आई एस ओ 9001: 2008 प्रमाणित)
केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
श्रीरामपुरा, मैसूरु-570 008